छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर

एम0बी0बी0एस0, बी0ए0एम0एस0 एवं बी0यू0एम0एस0 परीक्षा 2021 हेतु दिशा निर्देश

1. वर्ष 2021 की परीक्षा शासन द्वारा जारी कोविड–19 प्रोटोकाल एवं विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में जारी किये गये निर्देशों के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी।
2. इस बार केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों के उत्तरोपरान्त प्राप्त की गयी Copy प्रतिदिन स्पीड–पोस्ट से पोस्ट आफिस को सांय 6.00 बजे तक भेज दी जाय।
3. कोविड–19 महामारी के प्रोटोकाल के मद्देनजर महाविद्यालय परिसर में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों परीक्षार्थियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करना होगा।
4. महाविद्यालय परिसर का सैनेटाइजेशन अनिवार्य रूप से प्रतिदिन, प्रतिपाली कराया जाये इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अलग से धनराशि प्रदान की जा रही है।
5. यह परीक्षा 03:00 घण्टे की है। अतः परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट बाद तक ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पाने की अनुमति होगी।
6. देर से आने वाले परीक्षार्थियों को पूर्व की भांति कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा।
7. महाविद्यालय के बाहर और परिसर में सीटिंग प्लान इस तरह से डिस्प्ले किया जाये कि छात्रों की भीड़ एक जगह एकत्र न होने पाये और सोशल डिस्टेन्सिंग बनी रहे।
8. परीक्षार्थी को पूरे समय परीक्षा में उपस्थित रहना है। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा के समय परिसर से बाहर नहीं जायेगा।
9. मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट्स परीक्षा कक्ष में पूर्णतयः वर्जित हैं। परीक्षार्थी एवं कक्ष निरीक्षक दोनों ही मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट्स परीक्षा कक्ष में नहीं ले जायेंगे, अन्यथा की स्थिति में UFM के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक